दिन–मंगलवार दिनांक– 03/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

मध्य पूर्व एशिया में युद्ध के संकट के बीच वहां फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश वापस लाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। एयर इंडिया का एक विमान आज दुबई में फंसे एक सौ उनचास भारतीयों को लेकर दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरा। एयर इंडिया ने कहा है कि आवश्यक स्वीकृति प्राप्त होने पर जल्द से जल्द अधिक उड़ानें संचालित कर और लोगों को वापस लाने का कार्य किया जाएगा। इधर, राज्य सरकार ने प्रवासी बिहारियों की मदद के लिए विशेष हेल्प लाइन नम्बर – **सात दो एक सात सात आठ आठ एक एक चार** जारी किया है। यह हेल्प लाइन सेवा श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की ओर से नई दिल्ली स्थित बिहार भवन में शुरू की गयी है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बजट उपरांत आयोजित वेबिनार–आर्थिक विकास को सतत और सुदृढ़ बनाना, को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए कहा कि तीव्र आर्थिक विकास विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने का आधार बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का इरादा और संकल्प स्पष्ट है – अधिक निर्माण करना, अधिक उत्पादन करना, अधिक संपर्क स्थापित करना और अधिक निर्यात करना। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कभी समझौता न करना और उत्पादों का वैश्विक मानकों के अनुरूप होना हम सभी की जिम्मेदारी है। श्री मोदी ने उद्योगों से अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के राजनीति में प्रवेश के संकेतों के बीच जदयू नेताओं ने इसका स्वागत किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि निशांत कुमार सार्वजनिक सेवा के लिए उपयुक्त हैं। ऐसे लोगों को सक्रिय राजनीति में आना ही चाहिए। इधर, पंचायतीराज मंत्री और रालोमो

नेता दीपक प्रकाश ने भी निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने का स्वागत किया है।

———————————————————————

प्रदेशभर में होली का त्योहार कल मनाया जाएगा। होली को लेकर उत्सव का माहौल है। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के बाजारों में रौनक देखी जा रही है। लोग बड़ी संख्या में रंग, गुलाल, पिचकारी और विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियो की खरीदारी कर रहे हैं। जगह–जगह होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है। इससे पहले, देर रात होलिका दहन का कार्यक्रम विधि–विधान के साथ सम्पन्न हुआ। लोगों ने उत्साह के साथ इसमें भाग लिया।

———————————————————————

होली के अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि होली असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में कहा है कि रंग, उमंग, प्रेम और सद्भाव का पर्व होली हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। इधर, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कामना की है कि होली का त्योहार लोगों के जीवन में नई ऊर्जा, सुख–समृद्धि और सफलता का रंग भरेगा।

———————————————————————

होली के अवसर पर शांति –व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रदेशभर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि जिला और अनुमंडल स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम, क्यूआरटी की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। श्री दाराद ने बताया कि होली के दौरान अश्लील गानों और तेज आवाज में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

———————————————————————

वर्ष दो हजार छब्बीस का पहला चन्द्र ग्रहण आज होगा। ग्रहण शाम पांच बजकर पचास मिनट पर शुरू होगा और छह बजकर छियालीस मिनट पर समाप्त

होगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बिहार समेत उत्तर–पूर्वी राज्यों में चन्द्र ग्रहण स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।